समाचार

# प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा सेप्टिक टैंक सफाई कार्य

## (सेप्टिक टैंक सफाई हेतु निर्धारित है, 1610 रू. शुल्क)



कोरबा 10 फरवरी 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा के प्रशिक्षित स्वच्छता कामगारों द्वारा सुरक्षित रूप से सेप्टिक टैंक सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित निजी सेप्टिक टैंकों की सफाई एवं मलवा निकालकर उसका सुरक्षित समापन किए जाने हेतु प्रति ट्रिप शुल्क 1610 रूपये लिया जा रहा है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित निजी सेप्टिक टैंकों की सफाई व सक्शन मशीन के माध्यम से टैंकों से मलवा निकालकर उसका सुरक्षित रूप से समापन का कार्य विगत कई वर्षो से किया जा रहा है, यह कार्य निगम के प्रशिक्षित स्वच्छता कामगारों द्वारा किया जाता है, जिन्हें नेशनल सफाई कर्मचारी फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कार्पोरेशन नई दिल्ली के माध्यम से कार्य का सघन व सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया गया है, यह प्रशिक्षित सफाई मित्र निर्धारित गाईड लाईन का पालन एवं निर्धारित मानदण्डों व सुरक्षा उपकरणों के साथ सेप्टिक टैंक सफाई का कार्य संपादित कराते हैं। जिन घरों में निजी रूप से सेप्टिक टैंक बने रहते हैं, समय–समय पर इन टैंकों की सफाई व मलवा निकालना आवश्यक हो जाता है, संबंधित मकान मालिक इस हेतु निगम कार्यालय पहुंचकर एवं प्रति ट्रिप 1610 रूपये के हिसाब से रसीद कटाकर सेप्टिक टैंकों की सफाई करा सकते हैं।